**Model Test Paper**

**परीक्षा 2023-24**

**कक्षा आठवीं (प्रथम भाषा)**

**केवल विलक्षण सामर्थ्य विद्यार्थियों के लिए**

**विषय : हिंदी** | **पूर्णांक=80**

**समय : 3 घंटे** | **आंतरिक मूल्यांकन=20**

**भाग I अति लघूत्तर प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

**(1) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें –** **(5X2=10)**

**(i). निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'पानी' का पर्याय है?** **2**

(क) दूध (ख) तेल (ग) पवन (घ) जल

**(ii). निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनिए।** **2**

(क) दुपहर (ख)दोपहर (ग) दौपहिर (घ)दूपहिर

(iii). 'हामिद खिसिया जाता है।'इस वाक्य **में से 'संज्ञा' शब्द चुनें-** **2**

(क) हामिद (ख) खिसिया (ग) जाता (घ) है

**(iv).** 'यह देखो हिंडोला है।' **इस वाक्य में से सर्वनामशब्द चुनें-** **2**

(क) है (ख) हिंडोला (ग) देखो (घ) यह

**(v).** 'हमें सदैव संतुलित भोजन लेना चाहिए।' **इस वाक्य में से विशेषण शब्द चुनें-** **2**

(क) हमें (ख) चाहिए (ग) लेना (घ) संतुलित

**(2) मिलान कीजिए-** **(2X3=6)**

**i) सही 'स्त्रीलिंग' शब्द से मिलान कीजिए-** **2**

| | |
|---|---|
| तेली | तेल |
| | तेलिन |
| | तेलनी |

**ii) सही 'बहुवचन' शब्द से मिलान कीजिए-** **2**

| | |
|---|---|
| सड़क | सड़की |
| | सड़काँ |
| | सड़कें |

**iii) सही 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' से मिलान कीजिए-** **2**

| | |
|---|---|
| मन मोहने वाला | मनमोहक |
| | मनमानी |
| | नापसंद |

**(3) रिक्त स्थान भरें-** **(8X2=16)**

(i) **'बेगाना'** शब्द का अर्थ है-______________________ (अपना/पराया) 2

(ii) **'पथिक'**शब्द का अर्थ है-______________________ (राही/पोथी) 2

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-**

(iii) कश्मीर के लोगों को__________कहते हैं । (गुजराती/डोगरी) 2

(iv) अंगुलिमाल _____________ था । (साधु/डाकू) 2

(v) प्लाज़्मा का विकास शरीर के__________अंग में होता है । (दिल/लिवर) 2

(vi) **निम्नलिखित वाक्य में उचित योजक शब्द लगाएँ-** **2**

वहां उन्हें सबसे प्यार____________ समानता का व्यवहार मिला। (और/ लेकिन)

(vii) **निम्नलिखित वाक्य में उचित संबंधबोधक शब्द लगाएँ-** **2**

सैनिक ने अपनी तलवार_______________संभाल ली। (झटपट/ अधिक)

(viii) **निम्नलिखित वाक्य में उचित मुहावरा लगाएँ-** **2**

महँगे कपड़े देखकर मनोज का ___________________लगा । (दिल मचलने/ दिल हँसने)

**(4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर में सही या ग़लत चुनिए-** **(7X2=14)**

(i) **संधि विच्छेद:-**संगठित= सम् + गठित (सही/ ग़लत) 2

(ii) **समरूपी भिन्नार्थक शब्द युग्म में से से सही/ग़लत चुनिए-**

(क) और- तरफ

ओर - तथा (सही/ ग़लत) 2

(iii) **'धूप' का विपरीत शब्द होगा –** उजाला (सही/ ग़लत) 2

(iv) **'कर्मठ' की भाववाचक संज्ञा होगी-** कर्मठी (सही/ ग़लत) 2

(v) **'समाज' का विशेषण शब्द होगा-** सामाजिक (सही/ ग़लत) 2

(vi) **प्रसेनजित मगध का राजा था ।** (सही/ ग़लत) 2

(vii) **डायनासोर पार्क में डायनासोर के 10 मॉडल हैं ।** (सही/ ग़लत) 2

**भाग II ( 03 अंकों वाले लघूत्तर प्रश्न**

**(5) क. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(2X3=6)**

(i) कश्मीर अन्य पर्वतीय प्रदेशों से किस प्रकार अलग है? 'कश्मीर यात्रा' पाठ के आधार पर बताएँ।

(ii) लाल कोशिकाओं का मुख्य कार्य क्या है? 'रक्त की आत्मकथा' पाठ के आधार पर बताएँ।

(iii) अंगूर ने अपने क्या फायदे बताये?'फलों की चौपाल' पाठ के आधार पर बताएँ।

(iv) यूटा सागा अपने माता-पिता के साथ कहाँ रहता था?'यूटा सागा' पाठ के आधार पर बताएँ।

**(ख). निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए-** **(3)**

*हरी-हरी दूब पर*

*ओसकी बूंदें*

*अभीथीं,*

*अबनहीं हैं।*

*ऐसीखुशियाँ*

*जोहमेशा हमारा साथ दें*

*कभीनहीं थीं,*

*कहींनहीं हैं।*

**प्रश्न i. कवि के अनुसार क्या खुशियाँ सदा हमारे साथ रहती हैं या नहीं?**

**प्रश्न ii. प्रस्तुत पद्यांश में 'दूब' शब्द का क्या अर्थ है?**

**(ग). निम्नलिखित वाक्यों में से किसी एक के उचित विराम चिह्न लगाएँ-** **(3)**

बस हमारे पीछे पीछे चले आओ

या

उन्होंने कहा हाँ अब ठीक है

**भाग III ( 04 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न)**

**(6) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए-** **(3X4=12)**

(i) हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा क्यों खरीदा? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर बताएँ।

(ii) मुग़ल बागों की क्या विशेषता है? 'कश्मीर यात्रा' पाठ के आधार पर बताएँ।

(iii) अंगुलिमाल का नाम 'अंगुलिमाल' क्यों पड़ा?'अंगुलिमाल' पाठ के आधार पर बताएँ।

(iv) खजूर के क्या-क्या लाभ हैं? 'तुम भी ऊँचे उठ सकते हो' पाठ के आधार पर बताएँ।

(v) युवा वर्ग के लिए डॉ. अब्दुल कलाम का क्या सन्देश है?

**भाग IV ( 05 अंकों वाले निबंधात्मक प्रश्न)**

**(7) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संक्षिप्त में निबंध लिखिए-** **(5)**

**आदर्श विद्यार्थी**

(संकेत बिंदु- आदर्श विद्यार्थी का लक्ष्य....................सोच....................ईमानदार....................सच बोलने वाला....................मेहनती....................नियमों का पालन....................शिक्षक का सम्मान.................... नए आविष्कार....................)

**मोबाइल के लाभ हानियाँ**

(संकेत बिंदु- जीवन का अहम् हिस्सा....................स्मार्ट फोन....................लाभ....................चैटिंग.................... इन्टरनेट....................बिजली, पानी बिल....................नतीजा....................नुक्सान....................बीमारियाँ..........हैकर्स....................फ़िज़ूल खर्च....................मानसिक परेशानी ....................)

**अथवा**

**अपने मित्र/सहेली को गर्मी की छुट्टियाँ इकट्ठे मनाने के लिए पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र लेने के लिए अपने प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**(8) सुंदर लिखाई** **(5)**